## ग्राम पंचायत मुण्डदल, विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू -172026 के लेखाओं का

## अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01.04.20 से 31.03.22

**भाग- एक**

1 (क) प्रस्तावना :-

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व सयुंक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत मुण्डदल, विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू के अवधि 01.04.20 से 31.03.22 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य, हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान / सचिव कार्यरत रहे:-**

**प्रधान :-**

| क्र० सं० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री ज्ञान चन्द | 01-04-20 से 31-01-21 |
| 2 | श्री हेत राम | 01-02-21 से 31-03-22 |

**सचिव :-**

| क्र० सं० | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री प्रेम चन्द | 01-04-20 से 31-05- 20 |
| 2 | श्री मस्त राम | 01-06-20 से 31-01-21 |
| 3 | श्रीमति रथी देवी | 01-02-21 से 31-05- 21 |
| 4 | श्री सतपाल | 01-06-21 से 30-11-21 |
| 5 | श्री शिव राम | 01-12-21 से 31-03-22 |

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 05 (क) | अनुदान राशि का उपयोग न करना | 23.42 |
| 2 | 05 (ख) | अनुदान से व्यय के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना | 25.35 |
| 3 | 06 | गृहकर की देय राशि की वसूली न करना | 0.79 |
| 4 | 07 | बिलों को पारित (Payment without pass order) किए बिना भुगतान करना | 12.96 |
| 5 | 08 | सेब के पौधे की खरीद पर अनियमित व्यय । | 02.88 |
| 6 | 10 | निर्माण कार्यो से सम्बन्धित निर्माण कार्य के प्राक्कलन विवरण माप पुस्तिका व तकनीकी स्वीकृति को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना | 1.90 |
| 7 | 11 | क्रय की गई सामग्री की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि न करना | 1.19 |
| 8 | 12 | रोकड़ बहियों का बैंक खातों से नियमानुसार मिलान न करने के कारण अन्तर | 1.17 |
| 9 | 13 | मनरेगा निधि की माप पुस्तिका की गणना में त्रुटि होने के कारण अधिक भुगतान | 0.28 |
| 10 | 14 | भुगतान बिलों का अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना | 0.27 |
| 11 | 15 | क्रय की गई निर्माण सामग्री से नियमानुसार वाइडस (Voids) की कटौती न करने के कारण संविदाकारों को अधिक भुगतान करना | 0.13 |

**भाग- दो**

2 **वर्तमान अंकेक्षण:-**

ग्राम पंचायत मुण्डदल, विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू के अवधि 01.04.20 से 31.03.22 तक के लेखाओं का वर्तमान व प्रथम अंकेक्षण श्री संतोष कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 16.08.22 से 24.08.2022 तक ग्राम पंचायत कार्यालय मे किया गया I लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए मासों का चयन निम्न प्रकार से किया गया I

| **वित्तीय वर्ष** | **आय** | **व्यय** |
|---|---|---|
| 2020-21 | 12/20 | 07/20 |
| 2021-22 | 07/21 | 07/21 |

**अस्वीकरण :-** इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है I उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना/ अभिलेख के अपूर्ण/ गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हि.प्र. राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। विभाग का उत्तरदायित्व मात्र विस्तृत जांच हेतु चयनित मासों तक सीमित होगा I

3 **अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत मुण्डदल, विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू के अवधि 01.04.20 से 31.03.22 तक के लेखाओं का अंकेक्षण शुल्क ₹ 5600/- आँका गया है । उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हि.प्र. राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या एस. के./के.एल.यू./एस.ए.डी./2022-200 दिनांक 18.08.22 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि उपरोक्त राशि को अति शीघ्र विभाग को प्रेषित कर दिया जाएगा ।

4 **वितीय स्थिति :-**

ग्राम पंचायत मुण्डदल द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.20 से 31.03.22 के लेखाओं की वितीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :-

**(i) स्व: स्त्रोत :-** ग्राम पंचायत मुण्डदल के अवधि 01.04.20 से 31.03.22 तक की स्व: स्त्रौतों की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट (क)** में संलग्न है :-

| वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2020-21 | 411844.40 | 975742 | 1387586.40 | 818322.96 | 569263.40 |
| 2021-22 | 569263.40 | 2773715 | 3342978.40 | 1583888 | 1759090.40 |

**बैंक समाधान विवरणी :-**

दिनांक 31.03.22 को सामान्य निधि का अन्तशेष **1759090.40**

दिनांक 31.03.22 को बैंक में जमा व हस्तगत राशि का विवरण :-

| क्रम संख्या | खाता संख्या | शाखा का नाम | 31.03.22 |
|---|---|---|---|
| 1 | 20020005642 | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक ,आनी | 1606403.64 |
| 2 | 50100435323831 | एच डी एफ सी ,आनी | 199982.30 |
| 3 | 50065542470 | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक ,आनी | 52759.00 |
| 4 | 50064965452 | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक ,आनी | 6094.00 |
| 5 | 88270100093350 | ग्रामीण बैंक शवाड़ | 10463.96 |
| 4 | रोकड़ शेष | | 278.00 |
| | | **कुल योग** | **1875980.90** |

| | |
|---|---|
| (क) दिनांक 31.03.22 को हस्तगत राशि व बैंक खातों में अंतशेष | 1875980.90 |
| (ख) दिनांक 31.03.22 को वितीय/रोकड़ बही अनुसार अंतशेष | 1759090.40 |
| अन्तर | 116890.50 |

**(ii) 14 वाँ वित्त आयोग:-** ग्राम पंचायत मुण्डदल के अवधि 01.04.20 से 31.03.22 तक की 14 वाँ वित्त आयोग की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट (ख)** में संलग्न है :-

| वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | ब्याज | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2020-21 | 454812.58 | 0 | 0 | 454812.58 | 351611.36 | 103201.22 |
| 2021-22 | 103201.22 | 0 | 0 | 103201.22 | 649 | 102552.22 |

**बैंक समाधान विवरणी :-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) दिनांक 31.03.22 को हस्तगत राशि व बैंक खातों में अंतशेष | | 105577.22 |
| (ख) दिनांक 31.03.22 को वितीय/रोकड़ बही अनुसार अंतशेष | 102552.22 | |
| **जमा रोकड़ बही :-** RTGS वापसी परंतु रोकड़ बही में दर्ज न करना | 3022.64 | |
| **जमा रोकड़ बही :- बैंक Charges** की कटौती परंतु रोकड़ बही में दर्ज न करना | 2.36 | 105577.22 |
| अन्तर | | **0** |

**(iii) 15 वाँ वित्त आयोग:-** ग्राम पंचायत मुण्डदल के अवधि 01.04.20 से 31.03.22 तक की 15 वाँ वित्त आयोग की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट (ग)** में संलग्न है :-

| वर्ष | अथ शेष | प्राप्ति | ब्याज | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2020-21 | 0 | 317313 | 4323 | 321636 | 0 | 321636 |
| 2021-22 | 321636 | 562238 | 22734 | 906608 | 0 | 906608 |

**बैंक समाधान विवरणी :-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) दिनांक 31.03.22 को हस्तगत राशि व बैंक खातों में अंतशेष | | 1240406 |
| (ख) दिनांक 31.03.22 को वितीय/रोकड़ बही अनुसार अंतशेष | 906608 | |
| **जमा :-** ब्याज की प्राप्ति परंतु 31-03-22 तक रोकड़ बही में दर्ज न करना | 7374 | |
| **जमा :-** दिनांक 23-04-21 को अनुदान की प्राप्ति परंतु 31-03-22 तक रोकड़ बही में दर्ज न करना | 165203 | |
| **जमा :-** दिनांक 01-06-21 को अनुदान की प्राप्ति परंतु 31-03-22 तक रोकड़ बही में दर्ज न करना | 161221 | 1240406 |
| अन्तर | | **0.00** |

(IV) एमजी नरेगा

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | प्राप्ति | ब्याज | योग (कॉलम 2+3+4) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 5–6) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2020–21 | 0 | 2259631.00 | 0 | 2259631.00 | 2259631.00 | 0 |
| 2021–22 | 0 | 6091550.00 | 0 | 6091550.00 | 6091550.00 | 0 |

5 **(क) अनुदान ₹23.42 लाख का उपयोग न करना :-**

सचिव ग्राम पंचायत मुण्डदल द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई अनुदानों से सम्बन्धित अभिलेख/सूचनाओं के अवलोकन पर पाया गया कि पंचायत द्वारा दिनांक 31.03.22 तक अनुदान ₹2341633.20 की राशि उपयोग हेतु शेष थी जिसका विवरण **परिशिष्ट (घ) (I)** में दिया गया है। जोकि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 की अवहेलना है।

अतः वर्णित अनुपयुक्त अनुदान राशियों को यथाशीघ्र निर्धारित उद्देश्य हेतु उपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### (ख) अनुदान से व्यय ₹25.35 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना

ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई अनुदानों की विवरणी व माहवार आय–व्यय विवरणी के अवलोकन पर पाया गया कि अवधि 1.4.2020 से 31.3.2022 तक ₹25,35,320.00 अनुदान राशि का व्यय किया गया था परन्तु इससे सम्बन्धित आवश्यक उपयोगिता प्रमाण पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सम्बन्धित संस्थाओं को प्रेषित किये जाने सम्बन्धी कोई अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किये गये जोकि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 88 की अवहेलना है जिसका विवरण **परिशिष्ट (घ) (I)(II)** में दिया गया है।

अतः वर्णित उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सम्बन्धित संस्थाओं/कार्यालयों को प्रेषित किए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किये जाएं तथा भविष्य में भी उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सम्बन्धित संस्थाओं/कार्यालयों को प्रेषित किए जाने के साथ–साथ कार्यालय स्तर पर भी अभिलेख/रिकॉर्ड को संरक्षित किया जाये व प्रमाण पत्रों को अंकेक्षण में आवश्यक सत्यापनार्थ प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### (ग) अनुदान रजिस्टर का उचित अनुरक्षण व अद्यतन न करना

ग्राम पंचायत मुण्डदल द्वारा अंकेक्षण अवधि 01.04.2020 से 31.03.2022 के दौरान अनुदान रजिस्टर का नियमानुसार उचित अनुरक्षण व अद्यतन नहीं किया गया था जोकि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 31 की अवहेलना है।

अतः इस सम्बन्ध में वस्तु स्थिति स्पष्ट की जाए तथा अनुदान रजिस्टर का नियमानुसार उचित अनुरक्षण व अद्यतन करना सुनिश्चित करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण में अवगत करवाया जाए।

## 6 गृह कर की देय राशि ₹0.79 लाख की वसूली न करना

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 32 के अनुसार पंचायत को सम्पत्ति कर/गृहकर कर वसूली करना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत के गृहकर की आय से सम्बन्धित अभिलेखों की जाँच करने पर पाया गया कि **परिशिष्ट (ङ)** अनुसार ₹79200 की वसूली नहीं की गई थी। अतः परामर्श दिया जाता है कि लम्बित करों एवं बकाया राशियों की शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर

अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण में अवगत करवाया जाए।

### 7 बिलों को पारित (Payment without pass order) किए बिना ₹12.96 लाख का भुगतान करना

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 49(1) में पंचायत द्वारा भुगतान आदेश जारी करने सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित हैं। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 4/2020 से 3/2022 के दौरान बिलों को पारित किए बिना ही भुगतान किया गया था जिनमे से कुछ का विवरण नीचे दिया गया हैः–

| क्र॰स॰ | वर्ष | निधि का नाम | चयनित माह | चयनित माह में पारित बिलों की कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 | मनरेगा | 07/20 | 679842.00 |
| 2 | 2021-22 | मनरेगा | 07/21 | 616189.00 |
| | | | कुल | ₹1296031.00 |

वर्णित प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्याः SK/KLU/SAD/2022-203 दिनाँक 20.08.22 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत मुण्डदल के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया था जिसके प्रतिउतर में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि केवल मस्ट्रोल पर दर्शाई राशि को सत्यापित किया गया है परंतु भुगतान आदेश नहीं लगाए गए थे जो कि आगामी अंकेक्षण में अनुवर्तन करके पारित कर दिये जाएंगे व भविष्य में नियमानुसार पारित कर भुगतान किया जाएगा ।

अतः परामर्श दिया जाता है कि समस्त भुगतान बिलों पर भुगतान आदेश पारित करने के उपरान्त ही बिलों की अदायगी को सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

### 8 सेब के पौधे की खरीद पर ₹2.88 लाख का अनियमित व्यय ।

हि.प्र. पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वीकृत मुख्यमंत्री 1 बीघा योजना के अनुसार ग्राम पंचायत मुंडदल द्वारा ₹20000 सेब के पौधों की खरीद पर खर्च किए गए तथा स्वयं सहायता समूह /लाभार्थियों को वितरित किए गए थे । जबकि हि.प्र. पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदर्श प्राक्कलन (Model Estimate) के अनुसार पौधारोपण पर अधिकतम ₹11000 खर्च किया जाना अपेक्षित था । इस प्रकार से ग्राम पंचायत मुण्डदल द्वारा पौधारोपण पर निम्नानुसार ₹288000 का अधिक व्यय किया गया था जो कि अनुचित प्रतीत होता है ।

| क0 सं0 | बिल सं0/दिनांक | निधि का नाम | बिल का विवरण | वस्तु का विवरण | मात्रा | राशि | एम एम 1 बीघा योजना के मॉडल प्राकलन के अनुसार राशि | अधिक व्यय की गयी राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26/11-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 2 | 31/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 3 | 32/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 4 | 33/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 5 | 34/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 6 | 35/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 7 | 36/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 8 | 37/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 9 | 38/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 10 | 40/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 11 | 41/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 12 | 42/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 43/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 14 | 44/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 15 | 45/12-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 16 | 164/13-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 17 | 165/13-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 18 | 172/13-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 19 | 175/13-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 20 | 176/13-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 21 | 181/13-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 22 | 182/13-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 23 | 137/10-04-21 | मनरेगा | टोडर नर्सरी ,रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 24 | 138/10-04-21 | मनरेगा | खेम चंद नर्सरी, रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 25 | 139/10-04-21 | मनरेगा | खेम चंद नर्सरी, रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 26 | 140/10-04-21 | मनरेगा | खेम चंद नर्सरी, रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 27 | 141/10-04-21 | मनरेगा | खेम चंद नर्सरी, | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | रोपा आनी | | | | | |
| 28 | 142/10-04-21 | मनरेगा | खेम चंद नर्सरी, रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 29 | 143/10-04-21 | मनरेगा | खेम चंद नर्सरी, रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 30 | 145/10-04-21 | मनरेगा | खेम चंद नर्सरी, रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 31 | 144/10-04-21 | मनरेगा | खेम चंद नर्सरी, रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| 32 | 146/10-04-21 | मनरेगा | खेम चंद नर्सरी, रोपा आनी | सेब के पौधे | 200 | 20000 | 11000 | 9000 |
| | | | | | | | | **288000** |

वर्णित अनियमितता को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः SK/KLU/SAD/2022- 214 दिनाँक 24.08.22 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत मुण्डदल के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया था जिसके प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि मुख्यमंत्री 1 बीघा योजना मनरेगा योजना है जिसमे कि पुराना मॉडल प्राक्कलन के स्थान पर नया प्राक्कलन 60 :40 है तथा आगामी अंकेक्षण में पेश किया जाएगा । उत्तर संतोषजनक नहीं है ।

अत: नियमानुसार उपरोक्त सेब के पौधों की अधिक खरीद करने का कारण स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक खर्च की गयी राशि की वसूली उचित स्त्रोत से कर के संबन्धित निधि में जमा कर के अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

**9 फ़र्म द्वारा रेत, बजरी व पत्थर के ₹2.87 लाख के प्रस्तुत बिलों में सामग्री की मात्रा न दर्शाने बारे ।**

ग्राम पंचायत मुंडदल के अवधि 4/20 से 3/22 के अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचर की जांच में पाया कि निम्नविवरणानुसार पंचायत के निर्माण कार्यों हेतु विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से ₹287000 की रेत बजरी पत्थर का क्रय किया गया था ।

| क. सं. | आपूर्तिकर्ता | बिल संख्या/ दिनाँक | मद का नाम | मात्रा | भुगतान राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| **MG NREGA** | | | | | |
| 1. | NKS transport Vill. Ghumui P.O. Poeg teh. Anni | 23/18-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 2. | -do- | 38/25-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | -do- | 25/19-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 4. | -do- | 22/17-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 5. | -do- | 40/22-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 6. | -do- | 41/28-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 7. | -do- | 29/21-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 8. | -do- | 34/22-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 9. | -do- | 36/23-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 10. | -do- | 31/29-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 11. | -do- | 42/29-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 12. | -do- | 28/22-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 13. | -do- | 26/18-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 14. | -do- | 20/16-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 15. | -do- | 24/18-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 16. | -do- | 33/22-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 17. | -do- | 35/22-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 18. | -do- | 21/17-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 19. | -do- | 30/21-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 20. | -do- | 13/02-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 21. | -do- | 39/25-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 22. | -do- | 37/23-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 23. | -do- | 32/22-07-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 24. | -do- | 02/22-06-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 25. | -do- | 97/12-06-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 |
| 26. | -do- | 96/11-06-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 27. | -do- | 94/10-06-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 28. | -do- | 95/10-06-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 29. | -do- | 05/27-06-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 30. | -do- | 19/16-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 31. | -do- | 15/11-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 32. | -do- | 06/29-06-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 33. | -do- | 14/08-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| 34. | -do- | 16/11-07-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 |
| **Total** | | | | | **287000** |

जबकि संबन्धित फ़र्म द्वारा प्रस्तुत बिलों में सामग्री की मात्रा न दर्शाकर गाड़ियों की संख्या के आधार पर बिल प्रस्तुत किया गया जिसके अभाव में यह ज्ञात करना कठिन है कि आपूर्तिकर्ता द्वारा क्रेशर से कितनी मात्रा में सामग्री लायी गयी तथा कार्य स्थल पर कितनी मात्रा उपलब्ध करवाई जा रही है व स्टॉक रजिस्टर में भी गाड़ियों की संख्या के आधार पर प्रविष्टि दर्ज की जा रही है । नियमानुसार रेत, बजरी व पत्थर की मात्रा को प्रति फुट, प्रति घन मीटर व प्रति टन में दर्शाना अपेक्षित था ।

वर्णित अनियमितता को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः SK/KLU/SAD/2022- 216 (B) दिनाँक 24.08.22 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत मुण्डदल के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया था जिसके प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में आपूर्तिकर्ताओं से बिल पर सामग्री की मात्रा प्रति फुट, प्रति घन मीटर व प्रति टन में दर्ज होने के पश्चात ही बिल को स्वीकार किया जाएगा व इस प्रकार की त्रुटि को नहीं दोहराया जाएगा ।

अतः निर्माण सामग्री रेत, बजरी व पत्थर के प्रस्तुत बिलों में सामग्री की मात्रा न दर्शाने के कारणों को स्पष्ट किया जाये व उपरोक्त अनियमित खर्च की गयी राशि की सक्षम अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति के पश्चात नियमित करवाया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**10. निर्माण कार्यो से सम्बन्धित ₹1.90 लाख के निर्माण कार्य के प्राक्कलन विवरण** (work estimate/abstract of cost), **माप पुस्तिका व तकनीकी स्वीकृति को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 94 के प्रावधानानुसार सभी संकर्म/वर्क्स कार्य जिनकी लागत **₹**50,000 से अधिक है, को पंचायत द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन व प्राक्कलन की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने के उपरान्त ही निष्पादित किया जाना अपेक्षित है तथा **₹**25,000 से कम के संकर्म/वर्क्स कार्य के लिए अनुमानित लागत प्राक्कलन (Rough work estimate) तैयार किया जाना अपेक्षित है

व्यय की जाँच हेतु चयनित माह के अंकेक्षण में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार पंचायत द्वारा बिना प्राक्कलन/अनुमानित प्राक्कलन, माप पुस्तिका/एम.बी में माप दर्ज न करना, तकनीकी स्वीकृति व निर्माण कार्य से सम्बन्धित बिल में कार्य समिति के अनुमोदन/सत्यापन के बिना ही निर्माण कार्यों को निष्पादित किया गया था।

| क0 सं0 | वाउचर सं0/माह | कार्य का विवरण | राशि | बिल संख्या | मद का नाम | अंकेक्षण आपत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य निधि | | | | | | |
| 1. | P/1 10-06-21 | मुरम्मत रोड देलठू से चलौहण | 30000 | 01/ 23-04-21 | एक्सकवेटर मशीन का प्रयोग | प्राक्कलन विवरण (work estimate/abstract of cost) व माप पुस्तिका प्रस्तुत न करना |
| 2 | P/2 10-06-21 | मुरम्मत रोड बड़ी जान से दोघरी | 30000 | 03/ 01-05-21 | एक्सकवेटर मशीन का प्रयोग | प्राक्कलन विवरण (work estimate/abstract of cost) व माप पुस्तिका प्रस्तुत न करना |
| 3 | P/3 10-06-21 | मुरम्मत रोड मैन रोड से धार | 30000 | 02/ 27-04-21 | एक्सकवेटर मशीन का प्रयोग | प्राक्कलन विवरण (work estimate/abstract of cost) व माप पुस्तिका प्रस्तुत न करना |
| 4 | P/3 07-07-21 | निर्माण ट्रैक्टर रोड मैन रोड कोडीकूटल से कुटल | 100000 | 09/ 04-06-21 | एक्सकवेटर मशीन का प्रयोग | प्राक्कलन विवरण (work estimate/abstract of cost) व माप पुस्तिका प्रस्तुत न करना |
| | | कुल योग | 190000 | | | |

उक्त कारणों से वर्क्स कार्यों की एवज में किये गये भुगतान ₹190000 को नियमानुसार उचित नहीं ठहराया जा सकता। वर्णित अनियमितता को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः SK/KLU/SAD/2022- 215 दिनाँक 24.08.22 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत मुण्डदल के ध्यानार्थ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया था जिसका अंकेक्षण समाप्ति तक कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

अतः बिना पूर्ण औपचारिकताओं के निर्माण/विकास कार्यों को निष्पादित करने के सन्दर्भ में पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा निर्माण कार्यो से सम्बन्धित माप पुस्तिकाओं अभिलेख को

अंकेक्षण में प्रस्तुत करने के अतिरिक्त परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में नियमानुसार पूर्ण औपचारिकताओं के पश्चात् ही निर्माण कार्य को निष्पादित किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**11 क्रय की गई सामग्री ₹01.19 लाख की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि न करना**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 69 व 72 द्वारा स्टॉक/स्टोर का क्रय करने की औपचारिकताएं प्रावधित हैं। उक्त नियम के दृष्टिगत ग्राम पंचायत द्वारा क्रय की गई सामगी की मात्रा, गुणवता की जाँच करने के उपरान्त अनिवार्य रूप से स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टी की जानी अपेक्षित है तथा यह भी प्रमाणित किया जाना अपेक्षित है कि स्टॉक/सामग्री (Goods/stores have been received in good condition) को सही अवस्था में प्राप्त किया गया है।

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि पंचायत द्वारा उपरोक्त नियमों की अनुपालना नहीं की जा रही थी निम्न विवरणानुसार ₹118902 की क्रय की गई सामग्री/मदों को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किए बिना ही प्रयोग किया गया था ।

| क्रम सं. | वा.सं./माह | विवरण | बिल सं./तिथि | मद का नाम | मात्रा | राशि | अंकेक्षण आपत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **General Head** | | | | | | | |
| 1 | 21/ 11-07-20 | मेसर्ज शर्मा हार्डवेयर स्टोर, शवाड़ | 3510/17-03-20 | हार्डवेयर सामग्री | 12 मद | 3500 | स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई |
| 2 | 24/ 11-07-20 | मेसर्ज चौहान कंक्रीट वर्क्स बिथल | CC-P1/014/2021/ 15-06-21 | टाइल्स | 1500 pcs | 41250 | स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई |
| 3 | 26/ 11-07-20 | मेसर्ज शर्मा हार्डवेयर स्टोर, शवाड़ | 3509/16-03-20 | सरिया | 484 KG | 24702 | स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई |
| 4 | 27/ 11-07-20 | चौहान फ़र्निचर इंडस्ट्रीज़ | 1211/15-06-20 | ASH ब्रिक्स | 200 pcs | 9400 | स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई |
| 5 | 27/ 11-07-20 | चौहान फ़र्निचर इंडस्ट्रीज़ | 1408/23-06-20 | ASH ब्रिक्स | 150 pcs | 7050 | स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई |
| **MGNREGA** | | | | | | | |
| 6 | शून्य | एन के एस ट्रांसपोर्ट | 94/10-06-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 | स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई |
| 7 | शून्य | एन के एस ट्रांसपोर्ट | 95/10-06-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 | स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई |
| 8 | शून्य | एन के एस ट्रांसपोर्ट | 96/11-06-21 | रेत | 1 टिप्पर | 8000 | स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई |
| 9 | शून्य | एन के एस ट्रांसपोर्ट | 97/12-06-21 | बजरी | 1 टिप्पर | 9000 | स्टॉक प्रविष्टि नहीं की गई |
| **Total** | | | | | | **118902** | |

वर्णित अनियमितता को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः SK/KLU/SAD/2022-216 दिनाँक 24.08.22 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत मुण्डदल के ध्यानार्थ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया था जिसके प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि भण्डार रजिस्टर में जिस सामग्री का इन्द्राज नहीं किया गया है उसे रजिस्टर में इन्द्राज कर दिया जाएगा तथा भविष्य में त्रुटि को नहीं दोहराया जाएगा।

अतः वर्णित अनियमितता बारे पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा भविष्य हेतु परामर्श दिया जाता है की स्टॉक रजिस्टर का नियमानुसार संधारण सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 12. रोकड़ बहियों का बैंक खातों से नियमानुसार मिलान न करने के कारण दिनांक 31.03.2022 को ₹1.17 लाख का अन्तर

ग्राम पंचायत मुण्डदल की रोकड़ बही के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) व 10 (1) के अनुसार पंचायतों की रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य था। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों का बैंक खाते से मिलान न करने के कारण दिनांक 31.03.2022 को ₹116890.50 का अन्तर पाया गया जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा संख्या 4 (i) में दिया गया है। अतः इस अनियमितता के बारे में उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए पंचायत की रोकड़ बहियों को बैंक खातों के साथ मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| | |
|---|---|
| **(क)** दिनांक 31.03.22 को हस्तगत राशि व बैंक खातों में अंतशेष | **1875980.90** |
| **(ख)** दिनांक 31.03.22 को वितीय/रोकड़ वही अनुसार अंतशेष | **1759090.40** |
| **अन्तर** | **116890.50** |

## 13. मनरेगा निधि की माप पुस्तिका की गणना में त्रुटि होने के कारण ₹0.28 लाख का अधिक भुगतान

ग्राम पंचायत मुंडदल विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू (हि० प्र ०) की अवधि 01-04-20 से 31-03-22 के अंकेक्षण के दौरान मनरेगा निधि की माप पुस्तिकाओं की जांच में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार माप पुस्तिकाओं के जोड़ों में त्रुटि के कारण **₹27771** की मजदूरी का अधिक भुगतान किया गया था जो कि नियमानुसार वित्तीय अनियमितता है।

| क्र० स० | मस्ट्रोल संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | एम बी संख्या | एम बी पृष्ट संख्या | मस्ट्रोल के अनुसार भुगतान की गयी राशि | एम बी के अनुसार भुगतान राशि | अंकेक्षण के अनुसार भुगतान राशि | अधिक भुगतान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1003/ 08-06-20 | भूमि सुधार देवी सिंह चिमनी | 15913 | 15 | 27720 | 27720 | 23184 | 4536 |
| 2 | 1004/ 08-06-20 | भूमि सुधार भूपेन्द्र शवाड | 15913 | 16 | 27720 | 27720 | 23184 | 4536 |
| 3 | 1005/ 08-06-20 | भूमि सुधार नियामी राम चैहडी | 15913 | 16 | 27720 | 27720 | 23184 | 4536 |
| 4 | 1010/ 08-06-20 | पक्का फ्लोर यूरिन टैंक मानदासी शेहुल | 15913 | 19 | 11088 | 8400 | 8400 | 2688 |
| 5 | 1019/ 08-06-20 | भूमि सुधार किसन चंद शेहुल | 15913 | 23 | 27720 | 27720 | 23184 | 4536 |
| 6 | 1022/ 08-06-20 | छत बर्षा जल संरक्षण टैंक रक्षा देवी कटाहर | 15913 | 25 | 16632 | 16632 | 14229 | 2403 |
| 7 | 1026/ 08-06-20 | भूमि सुधार ख्याल चंद शेहुल | 15913 | 26 | 27720 | 27720 | 23184 | 4536 |
| | | कुल योग | | | | | | **27771** |

उक्त प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्याः SK/KLU/SAD/2022-212 दिनाँक 23.08.22 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत मुण्डदल के ध्यानार्थ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया था जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि माप पुस्तिकाओं के जोड़ों में त्रुटि के कारण अधिक भुगतान को संबन्धित कर्मचारी से वसूली कर दी जाएगी ।

अतः उक्त अनियमितता का नियमानुसार औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक भुगतान की गयी राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 14. क्रय सामग्री राशि ₹0.27 लाख के बिलों का अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना

ग्राम पंचायत मुण्डदल के अवधि 4/20 से 3/22 के अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचर तथा रोकड़ बही की जांच में पाया कि निम्नविवरणानुसार क्रय किए गए सीमेन्ट व DSC से सम्बन्धित ₹26914 के बिल अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नही किए गए जो कि गम्भीर अनियमितता है ।

| क्रम संख्या | वाउचर संख्या /दिनांक | माह | निधि का नाम | बिल का विवरण | वस्तु का विवरण | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23 /11-07-22 | 07-20 | सामान्य | HP State civil supplies corp. | Cement 80 bags | 26560 |
| 2 | 27-1/28-07-22 | 07-20 | सामान्य | Computer care and solution | DSC 1 | 354 |
| | | | | | कुल | **26914** |

